**SET-4**

**Series BVM**

कोड नं. **40**

**Code No.**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***30*** *प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***8*** *बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए* ***1*** *अंक निर्धारित है ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***9*** *से* ***14*** *लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए* ***2*** *अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***20*** *लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए* ***4*** *अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***24*** *दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए* ***5*** *अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर* ***120*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***25*** *से* ***30*** *दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए* ***6*** *अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक न हो ।*

***General Instructions :***

*(i)* *There are* ***30*** *questions in all.*

*(ii)* ***All*** *the questions are compulsory. However, internal choice has been given in some questions.*

*(iii)* *Questions number* ***1*** *to* ***8*** *are multiple choice questions carrying* ***1*** *mark each.*

*(iv)* *Questions number* ***9*** *to* ***14*** *are short answer questions carrying* ***2*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***40*** *words.*

*(v)* *Questions number* ***15*** *to* ***20*** *are short answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***100*** *words.*

*(vi)* *Questions number* ***21*** *to* ***24*** *are long answer questions carrying* ***5*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***120*** *words.*

*(vii)* *Questions number* ***25*** *to* ***30*** *are long answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answer to each of these should not exceed* ***150*** *words.*

## खण्ड क

## SECTION A

**1.** अदला-बदली से संपत्ति के हस्तांतरण के लिए कौन-सी 'विधि' अपनाई जाती है ? *1*

(क) पंजीकृत बिक्री विलेख (डीड)

(ख) पंजीकृत पट्टा विलेख

(ग) अचल संपत्ति उपहार में देने का पंजीकृत विलेख

(घ) किसी पंजीकृत दस्तावेज़ की आवश्यकता नहीं

**अथवा**

"विधि के शासन, विधि के अन्तर्गत शासन और विधि के अनुसार शासन" – यह कथन प्रशासन विधि के किस सिद्धांत का वर्णन करता है ? *1*

(क) प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत

(ख) शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत

(ग) आधारभूत ढाँचे का सिद्धांत

(घ) विधि का शासन का सिद्धांत

What is the 'mode' adopted for execution of transfer of property by exchange ?

(a) Registered sale deed

(b) Registered lease deed

(c) Registered deed for gift of immovable property

(d) No registered document is required

**OR**

The expression 'rule by law, rule under law and rule according to law' describes which principle doctrine of administrative law ?

(a) Principle of Natural Justice

(b) Doctrine of Separation of Powers

(c) Doctrine of Basic Structure

(d) Principle of Rule of Law

**2.** सुरक्षा घेरे को तोड़ने का प्रयास कर रहे एक सशस्त्र घुसपैठिए को सुरक्षा गार्ड गोली मार देता है ।

इस स्थिति में निम्नलिखित में से क्या सत्य है ? *1*

(क) एक अपराध को रोकने के लिए बल प्रयोग करना आपराधिक कृत्य नहीं है ।

(ख) आत्मरक्षा के लिए किसी हत्यारे को चोट पहुँचाना अपराध नहीं है ।

(ग) बदला लेने की नीयत से चोट पहुँचाई गई अत: यह आपराधिक कृत्य है ।

(घ) 'एक्टस रिएस' तथा 'मेन्स रिया' दोनों तत्त्व उपस्थित हैं, इसलिए सुरक्षा गार्ड अपराध के लिए उत्तरदायी है ।

A security guard at a museum shoots an armed intruder who tries to breach the security barrier.

Which of the following is true in this situation ?

(a) Using force to prevent a crime as part of one's duty is not a criminal act.

(b) Causing injury to an assailant in self-defence is not a crime.

(c) The injury is caused with the intent to take revenge and thus the act is criminal.

(d) Both the elements of 'actus reus' and 'mens rea' are present so the security guard is criminally liable.

**3.** मे. मकील एंड ब्रदर्स से मोहन एक मिक्सर ग्राइंडर खरीदता है । वारंटी अवधि में ही ग्राइंडर ठीक से काम नहीं करता । उत्पादक और विक्रेता दोनों ही समस्या दूर नहीं कर पाते और एक विवाद उत्पन्न हो जाता है । इस विवाद को हल करने की सर्वोत्तम विधि हो सकती है *1*

(क) मध्यस्थता

(ख) समझौता

(ग) विवाचन

(घ) वार्तालाप

Mohan purchases a mixer-grinder from M/s Makil and Bros. The grinder malfunctions within the warranty period. Both the manufacturer and the seller fail to rectify the problem and a dispute ensues. The dispute may best be resolved through

(a) mediation

(b) conciliation

(c) arbitration

(d) negotiation

**4.** सदानंद फूल विक्रेता है जो अपनी आजीविका के लिए स्थानीय फूलों पर निर्भर है । जिला प्रशासन स्थानीय वनस्पति और जीव रक्षा के लिए जंगली फूलों को चुनना मना कर देता है । क्या सदानंद के वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है ? *1*

(क) हाँ, उसके आजीविका प्राप्त करने का पूरा साधन प्रभावित हुआ है ।

(ख) हाँ, अनुच्छेद 21 जीवन के प्रति मूल अधिकार प्रदान करता है ।

(ग) नहीं, सरकार शक्तिशाली है और कोई भी कानून बना सकती है ।

(घ) नहीं, क्योंकि सरकार सार्वभौम है और सर्वसामान्य के हित के लिए कानून लागू करती है ।

**अथवा**

भारतीय संविधान के निम्नलिखित प्रावधानों में से कौन-सा 'समानता के सिद्धांत' पर आधारित ***नहीं*** है ? *1*

(क) अस्पृश्यता उन्मूलन

(ख) सार्वजनिक या राज्य के रोजगार के मामलों में अवसर की समानता

(ग) धर्म, वंश, जाति या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव करने से राज्य पर रोक

(घ) मानव व्यापार, भिखारीपन और बलात् श्रम (बेगार) पर रोक

Sadanand is a florist who relies on local flowers for his livelihood. The district administration prohibits the plucking of wild flowers to conserve the local flora and fauna. Is Sadanand's constitutional right infringed upon ?

(a) Yes, his sole means of earning a living is affected.

(b) Yes, Article 21 gives the fundamental right to life.

(c) No, the government is powerful and can make any law.

(d) No, because the government is sovereign and enacts laws for the common good.

**OR**

Which of the following provisions of the Indian Constitution is ***not*** based on the 'equality principle' ?

(a) Abolition of untouchability

(b) Equality of opportunity in matters of public or State employment

(c) Prohibiting State from discriminating against anyone based on grounds of religion, race, caste or place of birth

(d) Prohibiting human trafficking, beggary and forced labour.

**5.** पाँच वर्ष के लिए चुने गए 15 एडवोकेट्स के रूप में राज्य विधिज्ञ परिषद् का गठन होता है । इस परिषद् का अध्यक्ष कौन होगा ? *1*

(क) अध्यक्ष, अखिल भारतीय विधिज्ञ परिषद्

(ख) भारत का एटॉर्नी जनरल

(ग) राज्य का एडवोकेट जनरल

(घ) राज्य का कानून मंत्री

**अथवा**

सं.रा. अमेरिका में बार में प्रवेश मिलने के बाद वकीलों की व्यावसायिक शिक्षा को कहा जाता है *1*

(क) कानूनी पढ़ाई जारी रखना

(ख) बार वोकेशनल कोर्स

(ग) ग्रेजुएट डिप्लोमा इन लॉ कोर्स

(घ) मल्टीस्टेट बार एक्जामिनेशन

The State Bar Council is constituted with 15 advocates elected for a term of five years. Who will be the chairman of this council ?

(a) President, All India Bar Council

(b) Attorney General of India

(c) Advocate General of the State

(d) Law Minister of the State

**OR**

Professional education of lawyers in the US after admission to Bar is called

(a) Continuing Legal Education

(b) Bar Vocational Course

(c) Graduate Diploma in Law Course

(d) Multistate Bar Examination

**6.** भारत के वरिष्ठ एडवोकेट के संदर्भ में निम्नलिखित में से बेमेल को (ऑड वन आउट) चुनिए : *1*

(क) किसी न्यायालय में दूसरे एडवोकेट के निर्देशानुसार मामलों पर बहस करता है ।

(ख) सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय के द्वारा औपचारिक रूप से इसके लिए नामित होता है ।

(ग) कंधे पर फ्लैप वाला गाउन पहनता है ।

(घ) किसी मामले में शामिल होने पर या बहस का ड्राफ्ट बनाने का काम सीधे ही स्वीकार कर सकता है ।

With regard to a senior advocate in India, pick the odd one out.

(a) Argues cases in court upon instructions from another advocate.

(b) Officially designated as such by the Supreme Court or High Court.

(c) Wear gowns that have flaps on the shoulder.

(d) Can directly accept an engagement to appear in a case or draft pleadings.

**7.** वकालत कर रहे एडवोकेट अर्जुन बेदी विज्ञापन के द्वारा अपने ग्राहकों को बढ़ाने का निर्णय लेता है । इस संदर्भ में उसकी सेवा को भारत में प्रोत्साहन देना निम्नलिखित में से किस विधि द्वारा अनुमेय है ? *1*

(क) समाचार-पत्रों में साक्षात्कार

(ख) समाचार-पत्रों में टिप्पणियाँ देना या इसके लिए प्रेरित करना

(ग) परिपत्र और विज्ञापन

(घ) वकालत के क्षेत्रों के बारे में वेबसाइट पर सूचना

Arjun Bedi, a practising advocate decides to expand his clientele by advertising his services. Through which of the following is promotion of his services permissible in India, in this context ?

(a) Interviews in the newspaper

(b) Furnishing and inspiring newspaper comments

(c) Circulars and advertisements

(d) Website information regarding areas of practice

**8.** बड़ाफोन इंफोकॉम नामक टेलीकॉम संचालक पर ग्राहकों ने आरोप लगाया है कि वह अपनी भाड़ा (टैरिफ) योजनाओं को अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक नहीं करता । परिणामस्वरूप ग्राहकों को मिलने वाली छूट जानकारी में नहीं होती और इस पर विवाद पैदा हो जाता है । उस संस्था की पहचान कीजिए जो इस मामले में दखल देकर पीड़ित ग्राहकों को राहत दिलाए । *1*

(क) टेलीकॉम विवाद निपटान तथा अपील प्राधिकरण

(ख) राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण

(ग) केन्द्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण

(घ) राज्य प्रशासनिक प्राधिकरण

Badafon Infocom, a telecom operator is accused by customers of not making its tariff plans public on its website. Consequently, discounts available to customers remain unknown and a dispute ensues. Identify the body which can intervene in the matter and bring relief to the aggrieved customers.

(a) Telecom Disputes Settlement and Appellate Tribunal

(b) National Green Tribunal

(c) Central Administrative Tribunal

(d) State Administrative Tribunal

**खण्ड ख**

**SECTION B**

**9.** श्रीमाला ने सेल डीड के द्वारा अपनी संपत्ति पर स्वामित्व अधिकार हस्तांतरित कर दिए हैं और सेल डीड निष्पादित की जानी है । इसके लिए दोनों पक्षों को एक आवश्यक कानूनी औपचारिकता पूरी करनी है । *2*

(क) इस आवश्यक कानूनी औपचारिकता की पहचान कीजिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचानी गई औपचारिकता को पूरा करने के लिए दो शर्तों को लिखिए ।

Shreemala has transferred her ownership rights in her property by way of sale and a sale deed is to be executed. For this an essential legal formality is to be done by both the parties.

(a) Identify this essential legal formality.

(b) State the two conditions to be fulfilled for completing the formality identified in (a) above.

**10.** एक काँच फैक्टरी की एम.डी. श्रीमती शालू कापाही और उसकी श्रमिक यूनियन में एक विवाद उत्पन्न हो जाता है । विवाद कर रहे पक्षों ने श्री मनोज जॉर्ज (उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश) को तटस्थ तीसरे पक्ष के रूप में मामला सुलझाने के लिए नियुक्त किया । श्री जॉर्ज ने पक्षों को संभव उपाय सुझाए । दी गई स्थिति में कौन-सी ADR का अनुसरण होगा उसकी पहचान कीजिए और समझाइए । *2*

**अथवा**

एक सुविधा देने वाली कंपनी ने टेलीफोन के तारों की मरम्मत के लिए श्री संजीव कुमार के लॉन के कुछ हिस्से को खोदा है । शीघ्र ही उसका पड़ोसी श्री वालिया खोदे हुए भाग में टमाटर उगाना प्रारम्भ कर देता है । श्री संजीव श्री वालिया से उन पौधों को अपने किचन गार्डेन में ले जाने का अनुरोध करता है किंतु वह मना कर देता है ।

इस पर पैदा होने वाले विवाद को निपटाने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान युक्ति की पहचान कीजिए और उसे समझाइए । *2*

A dispute arose between Mr. Shalu Kapahi, MD of a glass factory and its workers' union. The disputing parties appointed Mr. Manoj George (a retired High Court Judge) as a neutral third party to intervene and resolve the matter. Mr. George suggested potential solutions to the parties. Identify and explain which ADR is followed in the given situation.

**OR**

A utility company digs up a section of the lawns of Mr. Sanjeev Kumar to repair the telephone lines. Soon, his neighbour, Mr. Walia, starts to grow tomatoes in the dug-up patch. Mr. Sanjeev requested Mr. Walia to shift the plants to his kitchen garden but he refused to do so.

Identify and explain the alternative dispute resolution technique that is best for resolution of the dispute that ensues.

**11.** जोनाथन लीमन और जैरेड विल्सन एक रेस्तराँ के साझा मालिक हैं । इनमें पहला दूसरे के विरुद्ध जाली सौदों के बारे में एक वाद का मामला दायर करता है । उनके देश की विधि प्रणाली में न्यायाधीश मामले के विवादग्रस्त तथ्यों और मामलों को तय करता है । उस देश की विधि प्रणाली की पहचान कीजिए और उसकी एक हानि लिखिए । *2*

Jonathan Leeman and Jared Wilson are co-owners of a restaurant. The former files a case against the latter for fraudulent transactions. In the legal system of their country, the judge determines the facts and issues in dispute. Identify the legal system of this country and state one of its disadvantages.

**12.** अपर्याप्त दहेज के लिए मलिका अरोड़ा की उसके पति और ससुराल वालों ने निर्दयतापूर्वक पिटाई की । पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दाखिल करने से इनकार कर दिया क्योंकि उसके ससुराल वाले उस क्षेत्र के नामी व्यापारी हैं । *2*

(क) उस संस्था की पहचान कीजिए जहाँ वह सहायता के लिए जा सकती है ।

(ख) इस संस्था के किन्हीं दो अधिकारों को लिखिए जो सिविल न्यायालय के समान हों ।

Malika Arora was mercilessly beaten by her husband and in-laws for insufficient dowry. The police refused to file an FIR because her in-laws are very affluent merchants in the area.

(a) Identify the body she can approach for relief.

(b) State any two powers of this body similar to that of a civil court.

**13.** मूल कर्तव्यों की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । *2*

**अथवा**

राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । *2*

Mention two salient features of Fundamental Duties.

**OR**

Mention two salient features of Directive Principles of State Policy.

**14.** एक एडवोकेट के किन्हीं दो व्यावसायिक कर्तव्यों को लिखिए । *2*

State any two professional duties of an advocate.

**खण्ड ग**

**SECTION C**

15. "न्यायपालिका की स्वतंत्रता तथा न्यायाधीशों की निष्पक्षता दो स्पष्ट संकल्पनाएँ हैं, फिर भी इन दोनों धारणाओं का अध्ययन सम्मिलित रूप से किया जाना चाहिए क्योंकि उनका उद्देश्य एक ही है ।" दोनों की सुरक्षा के लिए संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उक्त कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *4*

"Independence of judiciary and impartiality of judges exist as two distinct concepts, yet these concepts must be studied in conjunction as they aim at achieving the same goal." Justify stating the constitutional provisions for safeguarding both.

16. भारत के संविधान में प्रतिष्ठापित उन प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए जो भारत के नागरिकों को विवेक तथा धर्म की स्वतंत्रता देकर भारत को धर्म-निरपेक्ष पहचान देते हैं । *4*

Explain the provisions enshrined in the Constitution of India that make India a secular entity by giving its citizens freedom of conscience and religion.

17. भारतीय या विदेशी विधि के महत्त्वाकांक्षियों को भारत में प्रैक्टिस प्रारंभ करने की अर्हता के लिए वांछित अपेक्षाओं को लिखिए । *4*

**अथवा**

एडवोकेट्स ऐक्ट 1961 के बाद भारत में विधिक व्यवसायकर्ताओं की श्रेणियों को स्पष्ट कीजिए । *4*

State the requirements to be fulfilled by law aspirants, both Indian and foreign national, to be able to start practice in India.

**OR**

Explain the categories of legal practitioners in India after the Advocates Act, 1961.

18. स्पष्ट कीजिए कि भारत में प्रतिरोधात्मक (एडवर्सीरियल) प्रणाली ने न्याय तक पहुँच को कैसे कठिन बना दिया है । *4*

Explain how the adversarial system in India made access to justice difficult.

**19.** अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए दिए हुए चार संगठनों में से ***किन्हीं दो*** के उद्देश्य और भूमिका को लिखिए : *4*

(क) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(ख) संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन

(ग) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

(घ) विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

State the aim and role of ***any two*** of the four given organisations to promote international cooperation :

(a) World Health Organisation

(b) United Nations Educational, Scientific and Cultural Organisation

(c) International Labour Organisation

(d) World Bank and International Monetary Fund

**20.** वे संवैधानिक आदेश जो सर्वोच्च न्यायालय को विवादों पर निर्णय देने और परामर्श देने की अनुमति देते हैं, अधीनस्थ न्यायालयों से आते हैं । हाल के वर्षों में उच्चतम न्यायालय ने अपनी आधिकारिक स्थिति (लोकस स्टैंडी) को शिथिल कर दिया है और अपनी ही पहल पर सार्वजनिक महत्त्व के मामलों को प्रारंभ किया है । *4*

(क) 'आधिकारिक स्थिति' (लोकस स्टैंडी) का क्या अर्थ है ?

(ख) इसमें शिथिलता दिए जाने से किस प्रकार की असाधारण न्यायिक प्रणाली का सृजन हुआ है ? इस प्रकार की असाधारण न्यायिक प्रणाली की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

The constitutional imperatives that permit the Supreme Court to adjudicate and advise on disputes, come from the sub-ordinate courts. In the recent years, the Supreme Court has relaxed its locus standi and has on its own initiative started cases of public importance.

(a) What is the meant by 'locus standi' ?

(b) Which form of extra-ordinary jurisdiction has been created by its relaxation ? State any two characteristics of this form of extra-ordinary jurisdiction.

## खण्ड घ

## SECTION D

**21.** मामलों को निपटाने में देरी का परिणाम यह हुआ है कि पारंपरिक भारतीय न्यायालयों में बहुत से मामले लंबित हैं । फिर भी विवाद निपटाने के अन्य साधनों के कारण न्याय प्रणाली में लोगों का विश्वास पुनर्जीवित हो रहा है । *5*

(क) उस प्रणाली की पहचान कीजिए जिससे यह संभव हुआ है ।

(ख) न्याय प्रदान करने की इस प्रणाली के चार लाभ लिखिए ।

Delay in disposal of cases has resulted in huge pendency in traditional Indian courts. However, litigants' faith in justice delivery mechanism has been reviving due to other means of dispute resolution.

(a) Identify the system that makes this possible.

(b) State four benefits of this system of dispensing justice.

**22.** ईश्वर देवी ने पी.आर. ट्रांसपोर्ट कॉर्प. की बस को अधिकृत बस स्टैण्ड पर रुकवाया । उसने बस के फुटबोर्ड पर पैर रखा था और अभी भीतर गई भी नहीं थी कि कंडक्टर ने जल्दी में चालक को बस चलाने के लिए कह दिया । ईश्वर देवी अपने-आप को संतुलित नहीं रख सकी और चलती बस से नीचे गिर गई तथा उसे गंभीर चोटें आईं ।

उस क्षति कानून (टॉर्ट लॉ) के सिद्धांत को पहचानकर उसे समझाइए जिसके अंतर्गत वह क्षतिपूर्ति का दावा कर सकती है । अपने उत्तर के समर्थन में एक निर्णीत मामले का उदाहरण दीजिए । *5*

Ishwar Devi stopped the bus of P.R. Transport Corp. at its authorized bus stand. She had placed her foot on the foot-board of the bus and had not yet gone in, the conductor in great haste called on the driver to start the bus. Ishwar Devi could not balance herself and fell down from the moving bus and sustained serious injuries.

Identify and explain the principle of tort law under which she can claim relief. Cite a decided case in support of your answer.

**23.** 42वाँ संशोधन अधिनियम, 1976 ने 'भारतीय न्यायपालिका में न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनेलाइज़ेशन)' के युग का सूत्रपात किया और प्रशासनिक न्यायाधिकरण अधिनियम, 1985 के लागू होने से भारतीय न्याय प्रणाली का सशक्तिकरण हुआ । *5*

(क) 42वाँ संशोधन अधिनियम, 1976 ने भारतीय न्यायपालिका में किस प्रकार न्यायाधिकरण युग का सूत्रपात किया ?

(ख) प्रशासनिक न्यायाधिकरण अधिनियम, 1985 के अंतर्गत किन दो न्यायाधिकरणों का गठन हुआ ?

(ग) न्यायाधिकरण की कार्यप्रणाली के लाभ लिखिए ।

(घ) "न्यायाधिकरणों का तात्पर्य न्यायालयों का स्थान ग्रहण करना नहीं है ।" एल. चन्द्र कुमार मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस वास्तविकता को कैसे समझाया है ?

**अथवा**

"इस कानून (लेजिस्लेशन) का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के घूसखोरी और भ्रष्टाचार के कार्यों का सामना करना है ।" इस कथन को एक अधिनियम में व्यापक अर्थ प्रदान किया गया है ।

(क) उस विधि (लेजिस्लेशन) की पहचान कीजिए ।

(ख) उस विधि के सीमा क्षेत्र में सम्मिलित सरकारी कर्मचारियों की श्रेणियों का और उनके अपवादों का भी उल्लेख कीजिए ।

(ग) इस विधि के अंतर्गत जाँच-पड़ताल का परीक्षण कीजिए । *5*

42nd Amendment Act, 1976 ushered the era of 'tribunalisation of Indian judiciary' and the enactment of Administrative Tribunals Act, 1985 empowered the justice system of India.

(a) How did the 42nd Amendment Act, 1976 usher the era of 'tribunalisation of Indian judiciary ?

(b) Name the two tribunals that were formed under the Administrative Tribunals Act, 1985 ?

(c) State the procedural benefits of a tribunal.

(d) "Tribunals are not meant to replace the courts." How has the Supreme Court explained this fact in L. Chandra Kumar case ?

**OR**

'The legislation aims to combat the acts of bribery and corruption of public servants' – a term that has been given a fairly wide interpretation in the Act.

(a) Identify this legislation.

(b) State the categories of public servants included within the purview of this legislation and the exceptions therein.

(c) Examine the conduct of inquiry under this legislation.

**24.** (क) कोई मामला लोक अदालत को कब हस्तांतरित किया जा सकता है ?

(ख) लोक अदालत के अधिकार लिखिए । *5*

(a) When can a case be referred to Lok Adalat ?

(b) State the powers of a Lok Adalat.

**खण्ड ङ**

**SECTION E**

**25.** किसी न्यायाधीश को हटाए जाने के आधारों का उल्लेख करते हुए भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश पर महाभियोग लगाने की प्रक्रिया को समझाइए । *6*

Stating the grounds for removal of a judge, explain the process of impeachment of a judge of the Supreme Court of India.

**26.** विल्सन जॉर्ज, नीलमणि मेमोरियल स्कूल से खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर संचालित करने के लिए एक अनुबंध करता है । किन्तु गर्मियों में वह बीमार पड़ जाता है और शिविर का संचालन नहीं कर पाता । *6*

(क) इस अनुबंध को छुड़ाने की विधि (मोड ऑफ डिस्चार्ज) की पहचान कीजिए और स्पष्ट कीजिए ।

(ख) नीलमणि मेमोरियल स्कूल के लिए क्या प्रतिकार (रेमेडी) उपलब्ध है ?

(ग) इस प्रतिकार में निहित तर्क को स्पष्ट कीजिए ।

Wilson George enters into a contract with Neelamani Memorial School to conduct a summer coaching camp for athletes. However, during the summer, he falls ill and is unable to conduct the camp.

(a) Identify and explain the mode of discharge of this contract.

(b) What is the remedy available to Neelmani Memorial School ?

(c) Explain the rationale behind this remedy.

**27.** भारत में विधि स्नातकों के लिए उपलब्ध विकल्पों और अवसरों में से किन्हीं छह का वर्णन कीजिए । *6*

Describe any six options and opportunities open to law graduates in India.

**28.** विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत कानूनी सेवा प्रदान करने के लिए केन्द्रीय प्राधिकरण के किन्हीं छह प्रकार्यों को स्पष्ट कीजिए । *6*

**अथवा**

NALSA विनियम, 2010 की विशेषताओं को समझाइए । *6*

Explain any six functions of the Central Authority to provide legal aid under the Legal Services Authorities Act, 1987.

**OR**

Explain the features of NALSA Regulations, 2010.

**29.** 'ज़ीका' वाइरस का सामना करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य कर्मियों में समन्वय बढ़ाने हेतु WHO द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया । भाग लेने वाले देश एक संधि पर हस्ताक्षर कर स्वास्थ्य सेवाओं को समृद्ध बनाने हेतु सहमत हुए । इस संदर्भ में *6*

(क) संधि को परिभाषित कीजिए ।

(ख) संधि की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ग) संधियों के द्वारा देश किस प्रकार बाध्य होते हैं ?

**अथवा**

जर्बो मुस्तफा को अलेप्पो में 'आक्रमण के अपराध' करने का आरोप लगाया गया । इस संदर्भ में

(क) उस अंतर्राष्ट्रीय संगठन की पहचान कीजिए जो उसके विरुद्ध कार्यवाही प्रारम्भ कर सकता है और उस विधान की पहचान कीजिए जिसके द्वारा इसे बनाया गया ।

(ख) उन अपराधों की श्रेणियों का उल्लेख कीजिए जिन्हें इस संगठन के द्वारा निपटाया जा सकता है ।

(ग) उस तरीके पर चर्चा कीजिए जिससे यह संगठन ऐसे मामले हाथ में लेता है । *6*

A convention is organized by the WHO to bolster coordination of international health workers to combat the 'Zika' virus. Participating countries agree to strengthen health services and take emergency measures through the signing of a treaty. In this context,

(a) Define treaty.

(b) State any two features of a treaty.

(c) How are countries bound by treaties ?

**OR**

Jerbo Mustafa was indicted on charges of committing 'crimes of aggression' in Aleppo. In this context,

(a) Identify the international organisation that can initiate action against him and the statute that led to its creation.

(b) State the categories of crimes that can be dealt with by this organization.

(c) Discuss the manner in which this organization takes up cases.

**30.** नीचे दो स्थितियाँ दी गई हैं । उन्हें पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *6*

(क) सुनील को हत्या और डकैती के आरोपों पर मृत्यु दंड दिया गया । सेशन कोर्ट के द्वारा उस पर अभियोग सिद्ध किए जाने की तिथि से जेल अधिकारियों के द्वारा उसे अकेली कोठरी में रखा गया । उसकी अपील उच्च न्यायालय में विचाराधीन है ।

(ख) डकैती के मामले में अभियुक्त खड़क सिंह को न्यायालय के द्वारा सबूतों के अभाव में छोड़ दिया गया । उत्तर प्रदेश पुलिस विनियम खड़क सिंह के घर पर रात में गुप्त रूप से निगरानी/उसकी गतिविधि की जानकारी और कभी-कभी अधिकारियों द्वारा पूछताछ की अनुमति देती हैं ।

(i) पहचानिए कि उपर्युक्त दो मामलों में किस मूल अधिकार का उल्लंघन हुआ है ।

(ii) उस अनुच्छेद के प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए जिसका उल्लंघन कथित तौर पर हुआ है ।

(iii) सुनील और खड़क सिंह किन आधारों पर अधिकारियों के कार्यों को चुनौती दे सकते हैं ?

Given below are two situations. Read them and answer the questions that follow :

(a) Sunil was sentenced to death on charges of murder and robbery. He was held in a solitary confinement by the jail authorities since the date of his conviction by the session court. Appeal against the decision is pending in the High Court.

(b) Kharak Singh, an accused in dacoity case was let off due to the lack of evidence by the court. Uttar Pradesh police regulations allowed domiciliary visits at night, secret picketing of Kharak Singh's house, tracking/verifying his movement and periodic inquiries by officers.

(i) Identify the fundamental right violated in the above two situations.

(ii) Explain the provisions of the article that is alleged to be violated.

(iii) On what grounds can Sunil and Kharak Singh challenge the actions of the authorities ?